Members who have not received the Postal Ballot Notice may write to the Company at its registered office or to the Registrar and Transfer Agent to obtain the duplicate thereof or download the same from the Company's website https://www.mayuruniquoters.com/pdf/postal-ballot-notice-2026.pdf or from the website of CDSL www.evotingindia.com

Members who have not registered their e-mail address with the Company/RTA/DPs are requested to register their e-mail address by following the below instructions for registration of email id:

| | |
|---|---|
| **Physical Holding** | Please provide necessary details like Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self attested scanned copy of Aadhar Card) to the Company at mail id i.e. secr@mayur.biz or at RTA email id i.e. beetalrta@gmail.com with the Form ISR-1. The said Form can be downloaded from the website of the Company at www.mayuruniquoters.com |
| **Demat Holding** | Please update your email id & mobile no. with your respective Depository Participant (DP). |

All communications/queries in this respect should be addressed to our RTA, Beetal Financial and Computer Services Private Limited ("RTA") to its email address at beetalrta@gmail.com

**By Order of Board of Directors**
**For Mayur Uniquoters Limited**
**Kapil Arora**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**M. No. A57885**

**Date: August 07, 2026**
**Place : Jaipur**

## RBL BANK LIMITED

RBL BANK
*apno ka bank*

**Corporate Identification Number:** L65191PN1943PLC007308
**Registered Office:** 1st Lane, Shahupuri, Kolhapur - 416 001, **Tel:** +91 231 6650214
**Website:** www.rbl.bank.in, **Email:** investorgrievances@rbl.bank.in

**NOTICE TO THE MEMBERS OF 83RD ANNUAL GENERAL MEETING AND E-VOTING INFORMATION**

Notice is hereby given that the Eighty Third (83rd) Annual General Meeting ("AGM") of the Members of **RBL Bank Limited** ("the Bank") is scheduled to be held on Wednesday, September 2, 2026 at 11:30 a.m. (IST), through **video conferencing ("VC")** or **other audio-visual means ("OAVM")**, to transact the businesses, as set out in the Notice of the AGM in compliance with all applicable provisions of the Companies Act, 2013, ("the Act") and Rules made thereunder and the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations") and in compliance of relevant General Circulars of the Ministry of Corporate Affairs ("MCA") and all other applicable MCA and SEBI circulars, as amended. The deemed venue of the Meeting shall be the registered office of the Bank, i.e. 1st Lane, Shahupuri, Kolhapur - 416 001. Members will be able to attend the AGM through VC/OAVM at www.evotingindia.com. Members participating through the VC/OAVM shall be reckoned for the purpose of quorum under Section 103 of the Act. The facility for appointment of proxies by the Members will not be available since this AGM is being held through VC/OAVM.

The Bank has completed the dissemination of Notice of the AGM and the Annual Report for the Financial Year 2025-26, on Friday, August 7, 2026, through electronic mode only to those Members whose e-mail addresses are registered with the Bank / Depository Participants / Registrar and Share Transfer Agent i.e. M/s. MUFG Intime India Private Limited ["RTA"]. However, Members desiring a physical copy of the Annual Report, may either write to the Bank or send request via e-mail on investorgrievances@rbl.bank.in for the same. Members are requested to include details of their Folio No. / DP ID & Client ID and shareholding in the said communication.

As per the Regulation 36(1) (b) of SEBI Listing Regulations, a letter providing web-link is being sent to those Members who have not registered their e-mail ids with Bank / Depository Participants / RTA.

The Notice of AGM and the Annual Report for the financial year 2025-26 are available on the Bank's website at https://www.rbl.bank.in/investor-relations/disclosures-regulation-46/annual-report, CDSL's website at www.evotingindia.com and on the website of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com, respectively.

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended, the Secretarial Standard on General Meetings ('SS-2') issued by the Institute of Company Secretaries of India and Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations, the Bank is providing the facility for remote e-voting as well as the e-voting at the AGM to its Members, whose names are recorded in the Register of Members or in Register of Beneficial Owners maintained by the depositories as on **cut-off date i.e. Wednesday, August 26, 2026,** to exercise their right to vote by electronic means on any or all of the businesses specified in the Notice convening 83rd AGM. Members are eligible to cast votes only if they are holding equity shares of the Bank as on cut-off date. Any Person who becomes a Member of the Bank after dispatch of Notice and holding shares as on cut-off date shall also follow the procedure stated in the Notice of AGM for casting their vote at note no. 26 and 27.

The Bank has engaged the services of Central Depository Services (India) Limited (CDSL). Detailed procedure for remote e-voting / e-voting facility during the AGM is provided in Note Nos. 26 and 27 of the Notice of AGM.

| | |
|---|---|
| Commencement of remote e-voting | Friday, August 28, 2026 10:00 a.m. (IST) |
| End of remote e-voting | Tuesday, September 1, 2026 5:00 p.m. (IST) |

The e-voting module shall be disabled by CDSL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on a resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently. A person who is not a Member as on cut-off date should treat this Notice for information purposes only.

A Member can opt for only one mode of voting i.e. either through remote e-voting or by e-voting at the AGM. The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may participate in the AGM through VC / OAVM facility but shall not be entitled to cast their vote again through the e-voting system during the AGM. Only those Members, who are present in the AGM through VC / OAVM facility and have not casted their vote on the businesses as specified in the Notice through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote through e-voting system available during the AGM.

All grievances or queries connected with the facility for voting by electronic means or attending AGM may be addressed to Mr. Rakesh Dalvi, Sr. Manager, (CDSL) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call on toll free no. 1800 21 09911.

**Process for Members whose email addresses / Mobile No. are not registered with the Bank/Depositories:**

- **For Physical Members –** In order to receive the Notice and Annual Report in electronic mode, Members are requested to register / update their email addresses with MUFG at https://web.in.mpms.mufg.com/KYC-downloads.html by submitting Form ISR-1 which is available on website of Bank viz. https://www.rbl.bank.in/investor-relations/corporate-governance/investors-awareness.
- **For Demat Members -** Please update your email id & mobile no. with your respective Depository Participant (DP) which is mandatory while e-voting & joining virtual meetings through Depository.

**Declaration of the results of e-voting**

The results on the resolutions as included in the AGM Notice shall be declared not later than two working days from the conclusion of AGM of the Bank. The results declared along with the scrutinizer's Report will be placed on the website of the Bank at https://www.rbl.bank.in and on the website of CDSL at https://www.evotingindia.com . Results will also be forwarded to BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited, where the Equity Shares of the Bank are listed and shall also be displayed at the Registered office and Controlling office of the Bank.

**For RBL Bank Limited**
**Sd/-**
**Niti Arya**
**Company Secretary**

**Place : Mumbai**
**Date : August 8, 2026**

# व्हाट्सएप मैलवेयर अटैक से 10,000 से अधिक भारतीयों को बचाया गया

नई दिल्ली@आईएएनएस

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की समन्वित कार्रवाई के जरिए व्हाट्सऐप अकाउंट हैक करने वाले एक बड़े मैलवेयर अभियान से 10,000 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित बचाया गया है।

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने कहा कि सहयोग पोर्टल के माध्यम से कमांड एंड कंट्रोल (सी2) सर्वरों को जियो-ब्लॉक करने सहित कई कदम उठाए गए, जिससे इस साइबर हमले के प्रभाव को रोका जा सका।

गृह मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर हाल के दिनों में व्हाट्सऐप अकाउंट टेकओवर से जुड़ी शिकायतों में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। ये हमले ऐसे मैलवेयर के जरिए किए जा रहे हैं, जिन्हें अकाउंट स्टेटमेंट या किसी सरकारी नियामक संस्था के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में छिपाकर भेजा जाता है।

मंत्रालय ने कहा कि इन समन्वित प्रयासों के माध्यम से अब तक 10,000 से अधिक भारतीयों को इस साइबर अभियान से सुरक्षित किया गया है। सहयोग पोर्टल के जरिए मैलवेयर से जुड़े सर्वरों को लगातार ब्लॉक किया जा रहा है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस तरह की घटनाएं दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान समेत कई राज्यों में सामने आई हैं।

# FMCG दिग्गज D2C ब्रांड्स क्यों खरीद रहे




**नई दिल्ली@एजेन्सी।** भारत का कंज्यूमर बाजार एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। गत कुछ वर्षों में जहां पहले बड़ी एफएमसीजी कंपनियां अपने नए प्रोडक्ट खुद डवलप करने और उन्हें बाजार में लांच करने पर जोर देती थीं, वहीं अब उनका फोकस तेजी से सफल हो रहे D2C (Direct-to-Consumer) ब्रांडों के अधिग्रहण पर बढ़ गया है। लोरियल द्वारा इनोविस्ट का अधिग्रहण इस ट्रेंड का ताजा उदाहरण है। इससे पहले हिंदुस्तान यूनिलीवर ने मिनिमलिस्ट और ओज़ीवा, मैरिको ने कॉस्मिक और 47OOBC, आईटीसी ने योगा बार, यूएसवी फार्मा ने वेलबीइंग न्यूट्रिशन और होनासा कंज्यूमर ने पुरुषों के ग्रूमिंग ब्रांड रेजिनाल्ड मेन को खरीदा। यह केवल कंपनियों की संख्या बढ़ाने की रणनीति नहीं है, बल्कि बदलते कंज्यूमर व्यवहार और डिजिटल अर्थव्यवस्था के अनुरूप खुद को ढालने की कोशिश है।

## कंज्यूमर की खरीदारी का तरीका पूरी तरह बदल चुका है

कुछ साल पहले तक किसी नए ब्रांड को पहचान बनाने के लिए टीवी विज्ञापन, बड़े डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और लाखों रिटेल स्टोर तक पहुंच बनानी पड़ती थी। आज यह तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। इंस्टाग्राम, यूट्यूब, इन्फ्लुएंसर, क्विक कॉमर्स ऐप और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म नए ब्रांडों के लिए सबसे बड़े मार्केटिंग और सेल्स चैनल बन गए हैं। युवा ग्राहक अब पहले सोशल मीडिया पर किसी प्रोडक्ट के बारे में जानते हैं, फिर उसके रिव्यू देखते हैं और कुछ ही मिनटों में उसे ऑनलाइन ऑर्डर कर देते हैं।

इस वजह से डीटूसी ब्रांड पारंपरिक कंपनियों की तुलना में कहीं तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। यही कारण है कि बड़ी एफएमसीजी कंपनियां ऐसे ब्रांडों को खरीदकर सीधे उस तेजी से बढ़ते ग्राहक वर्ग तक पहुंच बनाना चाहती हैं, जिसे भविष्य का सबसे बड़ा कंज्यूमर माना जा रहा है।

## क्विक कॉमर्स ने बदल दिया पूरा खेल

भारत में ऑनलाइन ग्रॉसरी की हिस्सेदारी अभी भी कुल बाजार का छोटा हिस्सा है, लेकिन क्विक कॉमर्स ने पूरे सेक्टर की दिशा बदल दी है। ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, ज़ेप्टो और बिगबास्केट जैसे प्लेटफॉर्म ने ग्राहकों की खरीदारी की आदत बदल दी है। अब लोग केवल ग्रोसरी ही नहीं बल्कि ब्यूटी, स्किनकेयर, हेल्थ सप्लीमेंट, स्नैक्स, बेबी केयर और पर्सनल केयर प्रोडक्ट भी 10-20 मिनट में मंगवा रहे हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा फायदा डीटूसी ब्रांडों को मिला है क्योंकि उनके प्रोडक्ट पहले से ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए डिजाइन किए गए थे। ऐसे में बड़ी एफएमसीजी कंपनियां महसूस कर रही हैं कि अगर उन्हें भविष्य में अपनी बाजार हिस्सेदारी बनाए रखनी है तो उन्हें मजबूत डिजिटल ब्रांडों को अपने साथ जोड़ना होगा। भारत में कई ऐसी कैटेगरी हैं जिन्हें लोकप्रिय बनाने का श्रेय पारंपरिक एफएमसीजी कंपनियों से ज्यादा डीटूसी ब्रांडों को जाता है। क्लीन ब्यूटी, केमिकल-फ्री स्किनकेयर, प्रोटीन और हेल्थ न्यूट्रिशन, प्लांट-बेस्ड फूड, प्रीमियम ग्रूमिंग, आयुर्वेद आधारित आधुनिक प्रोडक्ट और स्पेशलिटी कॉफी जैसी कई नई कैटेगरी पहले डिजिटल ब्रांडों ने विकसित कीं।

इन कंपनियों की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे ग्राहक की जरूरत के अनुसार बहुत तेजी से नए प्रोडक्ट लॉन्च कर सकती हैं। किसी नए ट्रेंड पर प्रतिक्रिया देने में उन्हें केवल कुछ सप्ताह लगते हैं, जबकि बड़ी कंपनियों को उसी प्रक्रिया में कई महीने लग सकते हैं। इसलिए अधिग्रहण के जरिए बड़ी कंपनियां केवल एक ब्रांड नहीं खरीदतीं, बल्कि इनोवेशन की पूरी क्षमता अपने साथ जोड़ लेती हैं।

## ग्राहक जोड़ना पहले से ज्यादा महंगा

कुछ वर्ष पहले सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर कम लागत में लाखों नए ग्राहक जोड़े जा सकते थे। अब स्थिति बदल चुकी है। मेटा, गूगल और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन की लागत लगातार बढ़ रही है। ग्राहक हासिल करने की लागत पहले की तुलना में काफी अधिक हो चुकी है।

इस वजह से केवल ऑनलाइन कारोबार के सहारे तेजी से बढ़ना कठिन होता जा रहा है। डीटूसी कंपनियों को अब ऑफलाइन विस्तार की भी जरूरत महसूस हो रही है। यहीं बड़ी एफएमसीजी कंपनियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

भारत जैसे विशाल देश में किसी ब्रांड की वास्तविक सफलता केवल ऑनलाइन बिक्री से तय नहीं होती। लाखों किराना स्टोर, मॉडर्न ट्रेड आउटलेट, फार्मेसी, कॉस्मेटिक स्टोर और सुपरमार्केट तक पहुंच बनाना बेहद जरूरी है।

बड़ी एफएमसीजी कंपनियों के पास दशकों से विकसित डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, मजबूत सप्लाई चेन, हजारों डिस्ट्रीब्यूटर, आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और रिटेल पार्टनर मौजूद हैं। जब कोई डीटूसी ब्रांड ऐसी कंपनी का हिस्सा बनता है, तो उसके लिए पूरे देश में तेजी से विस्तार करना आसान हो जाता है। यानी जहां डीटूसी ब्रांड डिजिटल दुनिया में मजबूत होते हैं, वहीं एफएमसीजी कंपनियां ऑफलाइन बाजार में उनकी पहुंच कई गुना बढ़ा सकती हैं।

डीटूसी मॉडल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कंपनियों का ग्राहक से सीधा संबंध होता है। उन्हें यह जानकारी मिलती रहती है कि कौन-सा ग्राहक क्या खरीद रहा है, कितनी बार खरीद रहा है, किस कीमत पर खरीद रहा है और किस तरह के प्रोडक्ट पसंद कर रहा है। यह डेटा नए प्रोडक्ट विकसित करने, बेहतर मार्केटिंग करने और ग्राहक की जरूरत समझने में बेहद उपयोगी होता है। पारंपरिक एफएमसीजी कंपनियों के पास पहले यह जानकारी सीमित होती थी क्योंकि उनके प्रोडक्ट थर्ड-पार्टी रिटेल नेटवर्क के जरिए बिकते थे।

## ओमनी चैनल है फ्यूचर

भारत का डीटूसी बाजार अब शुरुआती प्रयोग के दौर से निकलकर परिपक्वता की ओर बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में केवल वे कंपनियां सफल होंगी जो डिजिटल और ऑफलाइन दोनों दुनिया में मजबूत होंगी। डीटूसी ब्रांडों के पास इनोवेशन, गति और ग्राहक से सीधा जुड़ाव है, जबकि बड़ी एफएमसीजी कंपनियों के पास पूंजी, उत्पादन क्षमता, विशाल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और ब्रांड बनाने का अनुभव है। इसलिए आने वाले समय में ऐसे अधिग्रहण और तेज हो सकते हैं।

# इमामी एग्रोटेक ने पैक्ड स्नैक मार्केट में ली एंट्री

**कोलकाता@ एजेंसी।** इमामी समूह की खाद्य कारोबार इकाई इमामी एग्रोटेक लि. ने देश के 50,000 करोड़ रुपये के पैक्ड स्नैक मार्केट में कदम रखा। वीमी ब्राण्ड के साथ इस श्रेणी में प्रवेश किया गया है। कंपनी ने पश्चिम बंगाल में 400 करोड़ रुपये के निवेश से नई खाद्य विनिर्माण इकाई लगाने की योजना की घोषणा की। इमामी समूह की निदेशक विदुला अग्रवाल ने कहा कि कंपनी अगले पांच से सात वर्ष में इस कारोबार को 1,000 करोड़ रुपये के ब्रांड के रूप में विकसित करने के लिए अतिरिक्त 350 करोड़ रुपये का निवेश भी करेगी।

समूह के डायरेक्टर आदित्य अग्रवाल की पुत्री विदुला तीसरी पीढ़ी की प्रर्वतक हैं। वह स्नैक्स कारोबार की अगुवाई कर रही हैं। इमामी एग्रोटेक, सूचीबद्ध कंपनी इमामी लिमिटेड से अलग इकाई है। कंपनी का उद्देश्य अपने पारंपरिक खाद्य तेल कारोबार से आगे बढ़कर एक व्यापक खाद्य कंपनी बनना है। उसका मानना है कि अधिक लाभ मार्जिन वाला स्नैक्स कारोबार कंपनी के लाभ और मूल्यांकन में सुधार करेगा।

इमामी समूह के निदेशक आदित्य अग्रवाल ने कहा कि प्रस्तावित संयंत्र में खाद्यान्न (स्टेपल्स) और स्नैक्स दोनों का उत्पादन होगा। यह हल्दिया के बाद पश्चिम बंगाल में कंपनी की दूसरी विनिर्माण इकाई होगी। कंपनी इसके लिए उपयुक्त स्थान की तलाश कर रही है और अगले 24 महीनों में परियोजना पूरी करने की योजना है। उन्होंने कहा कि हम पश्चिम बंगाल में करीब 400 करोड़ रुपये के निवेश से नया संयंत्र लगाने की योजना बना रहे हैं। स्थान अभी तय नहीं हुआ है और लगभग 24 महीनों में संयंत्र चालू करने का लक्ष्य है।

विविधीकरण की रणनीति पर अग्रवाल ने कहा कि खाद्य तेल कारोबार में लाभ मार्जिन केवल दो से चार प्रतिशत होता है, जबकि मूल्यवर्धित खाद्य श्रेणियों में कहीं अधिक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न और मसालों जैसी रसोई श्रेणियों में 6 से 15 प्रतिशत तक का मार्जिन मिलता है, जबकि स्नैक कारोबार में 15 से 25 प्रतिशत तक का मार्जिन संभव है। जैसे-जैसे हमारा खाद्य पोर्टफोलियो बढ़ेगा, कारोबार का कुल लाभ मार्जिन भी बेहतर होगा। अग्रवाल ने कहा कि इस विविधीकरण से निवेशकों के बीच कंपनी की छवि भी मजबूत होगी।

# फॉर्च्यून फ्रायोला सूरजमुखी तेल पर एफएसएसएआई की कार्रवाई




**नई दिल्ली@एजेन्सी।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य तेल निर्माता एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड पर फोर्टिफाइड खाद्य तेल के गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने के मामले में जुर्माना लगाया है। कंपनी फॉर्च्यून ब्रांड के तहत खाद्य तेल बेचती है। कार्रवाई उस समय की गई जब गोवा से लिया गया फॉर्च्यून फ्रायोला रिफाइंड सूरजमुखी तेल का नमूना निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरा। एफएसएसएआई ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि कंपनी के खिलाफ निर्णयन (एडजुडिकेशन) आदेश जारी कर आर्थिक दंड लगाया गया है। यह कार्रवाई मैंगलुरु स्थित एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के खिलाफ फॉर्च्यून फ्रायोला रिफाइंड सूरजमुखी तेल के निर्माण और विपणन में गुणवत्ता संबंधी कमी पाए जाने पर की गई। नियामक के अनुसार, गोवा के ताज फोर्ट अगुआड़ा रिजॉर्ट एंड स्पा से एक लीटर फॉर्च्यून फ्रायोला रिफाइंड सूरजमुखी तेल का नमूना लिया गया था। प्राथमिक खाद्य प्रयोगशाला की जांच में पाया गया कि यह फोर्टिफाइड खाद्य तेल खाद्य सुरक्षा एवं मानक (फूड फोर्टिफिकेशन) विनियम, 2018 के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। बाद में रेफरल प्रयोगशाला ने भी जांच की पुष्टि करते हुए पाया कि तेल में विटामिन डी की मात्रा निर्धारित सीमा से काफी कम थी। एफएसएसएआई के अनुसार, उत्पाद में विटामिन ए और विटामिन डी दोनों का स्तर तय मानकों से नीचे पाया गया, जिसके कारण इसे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 3(1)(जेडएक्स) के तहत सब-स्टैंडर्ड (मानक से कम गुणवत्ता वाला) घोषित किया गया। एफएसएसएआई ने कहा कि फोर्टिफाइड खाद्य उत्पादों में निर्धारित पोषक तत्वों की मात्रा सुनिश्चित करना निर्माता की जिम्मेदारी है और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ है। इसी आधार पर कंपनी पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया है।



# राजस्थान आने वाले इंटरनेशनल ट्यूरिस्ट की संख्या 336% बढ़ी

जयपुर@एजेंसी

राजस्थान आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में गत छह वर्षों के दौरान 336 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। राजस्थान सरकार के हवाले से राज्यसभा में यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि राजस्थान सरकार के अनुसार 2020 में राज्य में 4.46 लाख विदेशी पर्यटक आए थे, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 19.45 लाख हो गई। हालांकि, कोविड-19 महामारी के दौरान पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई थी।

आंकड़ों के अनुसार, 2021 में राजस्थान में विदेशी पर्यटकों की संख्या घटकर 0.35 लाख रह गई थी। इसके बाद इसमें लगातार वृद्धि हुई और 2022 में यह 3.97 लाख, 2023 में 17 लाख तथा 2024 में बढ़कर 20.72 लाख तक पहुंच गई। आंकड़ों से यह भी स्पष्ट होता है कि इसी अवधि में घरेलू पर्यटकों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वर्ष 2020 में राज्य में 151.17 लाख घरेलू पर्यटक आए थे, जबकि 2025 में उनकी संख्या बढ़कर 2,525.03 लाख हो गई।

शेखावत ने कहा कि राजस्थान में अलग-अलग पर्यटन स्थलों से होने वाले रेवेन्यू का अलग से विवरण नहीं रखा जाता। सामान्यत: पर्यटकों की संख्या बढ़ने से होटल की बुकिंग और पर्यटन से होने वाली आय में भी वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों की पहचान, उनका विकास तथा प्रचार-प्रसार एक सतत प्रक्रिया है, जिसका दायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन का होता है।

राजस्थान सरकार आधारभूत ढांचे के विकास और लक्षित विपणन के माध्यम से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक कदम उठा रही है। वहीं, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन, पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता तथा तीर्थयात्रा पुनरुद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान जैसी केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर इन प्रयासों को मजबूती दे रहा है।

GCC

## गोयल कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

(पहले गोयल कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 8, वशिष्ठ मार्ग, गोम डिफेंस, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान, भारत, 302021
सीआईएन: L45201RJ1997PLC013937; फोन: +91-9929929785
ई-मेल: contact@goelconstruction.co.in, वेबसाइट: www.goelconstruction.co.in

**29वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गोयल कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (पूर्व में गोयल कन्स्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड) ("कंपनी") के सदस्यों की 29वीं वार्षिक आम बैठक (AGM) सोमवार, 31 अगस्त, 2026 को सायं 4:00 बजे (भारतीय मानक समय - IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC") / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ("OAVM") के माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों, उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के साथ-साथ कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) के सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 एवं 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत साधारण एवं विशेष प्रस्ताव पारित करने के संबंध में जारी किए गए थे, तथा सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, उसके पश्चात् समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों, जिनमें नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 सम्मिलित है, और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी, ताकि एजीएम की सूचना में उल्लिखित कार्यों का संपादन किया जा सके।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी जा रही है जिनके ई-मेल पते कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA) अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (DPs) के पास पंजीकृत हैं। जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उन्हें वार्षिक रिपोर्ट देखने हेतु वेब-लिंक सहित एक पत्र भेजा जा रहा है।

सदस्य कृपया ध्यान दें कि एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.goelconstruction.co.in, स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड (BSE Limited) की वेबसाइट www.bseindia.com तथा MUFG Intime India Private Limited ("MUFG") की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in/ पर भी उपलब्ध रहेगी।

जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हुए कंपनी के सभी संचार ई-मेल के माध्यम से प्राप्त करने का विकल्प अपनाएँ। डीमैट स्वरूप में शेयर रखने वाले सदस्य अपना ई-मेल पता अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP) के पास पंजीकृत/अद्यतन कराएँ। भौतिक स्वरूप में शेयर रखने वाले सदस्य कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट MUFG Intime India Private Limited के साथ https://instavote.linkintime.co.in/ पर उपलब्ध प्रक्रिया का पालन करते हुए अपना ई-मेल पता अद्यतन करें। किसी भी प्रकार की सहायता अथवा जानकारी के लिए सदस्य instameet@in.mpms.mufg.com/ enotices@in.mpms.mufg.com पर ई-मेल भेजकर 29वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को एजीएम (वार्षिक आम बैठक) की सूचना में उल्लिखित सभी प्रस्तावों पर अपना मत देने हेतु रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त कंपनी एजीएम के दौरान भी ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है। जो व्यक्ति एजीएम की सूचना प्रेषित किए जाने के पश्चात कंपनी के शेयर प्राप्त कर कंपनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 24 अगस्त, 2026 को कंपनी के शेयरधारक के रूप में दर्ज है, वह enotices@in.mpms.mufg.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मत दे सकता है।

यदि किसी सदस्य को कोई प्रश्न अथवा स्पष्टीकरण आवश्यक हो, तो वे कंपनी के कंपनी सचिव को contact@goelconstruction.co.in पर अथवा रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA) को investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

गोयल कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
सुरभि मालू
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
आईसीएसआई सदस्यता संख्या.: ए-55672

स्थान : जयपुर
दिनांक : 07 अगस्त, 2026

## मयूर यूनीकोटर्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय एवं फैक्ट्री : जयपुर सीकर रोड़, गांव जैतपुरा, तहसील चौमू, जिला जयपुर, 303704 (राजस्थान) भारत
वेबसाइट : www.mayuruniquoters.com ईमेल : secr@mayur.biz टेलीफोन : 91-1423-224001
फैक्स : 91-1423-224420 सीआईएन : एल18101आरजे1992पीएलसी006952

**पोस्टल बैलट का नोटिस एवं रिमोर्ट ई-वोटिंग की सूचना**

**प्रिय सदस्यों,**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, 110 तथा अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हों, के साथ पठित कंपनियां ('प्रबंधन एवं प्रशासन') नियम, 2014 के नियम 20 एवं 22, सेबी ('सूचीबद्धता दायित्वों व प्रकटीकरण आवश्यकताएं') विनियम, 2015 ('लिस्टिंग विनियम') के विनियम 44, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी जनरल मीटिंग्स पर सचिवीय मानक (SS-2), तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ('MCA') द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 एवं समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों (नवीनतम परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025) तथा अन्य लागू नियमों/विनियमों/दिशा-निर्देशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं के अनुपालन में, मयूर यूनिकोटर्स लिमिटेड ('कंपनी') दिनांक 23 जुलाई, 2026 की पोस्टल बैलेट सूचना में वर्णित विशेष व्यवसायों पर अपने सदस्यों की सहमति केवल दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान ('रिमोट ई-वोटिंग') के माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा प्राप्त करना चाह रही है।

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, पोस्टल बैलेट सूचना, स्पष्टीकरणात्मक विवरण तथा ई-वोटिंग संबंधी निर्देश शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026 को उन सभी सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से भेज दिए गए हैं, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (DP)/रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास पंजीकृत हैं।

पोस्टल बैलेट सूचना कंपनी की वेबसाइट (http://www.mayuruniquoters.com), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट (http://www.evotingindia.com) तथा जिन स्टॉक एक्सचेंजों पर कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, अर्थात बीएसई लिमिटेड (http://www.bseindia.com) एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (http://www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 एवं 110, कंपनियां (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं 22 तथा लिस्टिंग विनियमों के विनियम 44 के अनुपालन में, कंपनी ने शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026 (कट-ऑफ तिथि) तक शेयरधारिता रखने वाले सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने हेतु सीडीएसएल (CDSL) को ई-वोटिंग एजेंसी नियुक्त किया है।

रिमोट ई-वोटिंग शनिवार, 8 अगस्त, 2026 को प्रात: 9:00 बजे (IST) प्रारंभ होगी और रविवार, 6 सितंबर, 2026 को सायं 5:00 बजे (IST) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान 31 जुलाई, 2026 (कट-ऑफ तिथि) तक शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपना मत दे सकेंगे। निर्धारित समय के पश्चात सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा उसके बाद मतदान की अनुमति नहीं होगी। एक बार किसी प्रस्ताव पर मत देने के बाद सदस्य उसे परिवर्तित अथवा पुन: मतदान नहीं कर सकेंगे। सदस्यों के मतदान अधिकार कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में कट-ऑफ तिथि पर उनकी शेयरधारिता के अनुपात में होंगे। जिन सदस्यों का ई-मेल पता डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत नहीं है, वे भी पोस्टल बैलेट सूचना में दिए गए ई-वोटिंग प्रक्रिया का पालन कर मतदान कर सकते हैं।

ई-वोटिंग सुविधा से संबंधित किसी भी प्रश्न अथवा शिकायत के लिए सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल भेज सकते हैं अथवा टोल-फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए-विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013 से भी संपर्क किया जा सकता है। सदस्य कंपनी सचिव को secr@mayur.biz पर भी लिख सकते हैं।

कंपनी के निदेशक मंडल ने पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सीएस मनोज माहेश्वरी (FCS: 3355), प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव को स्क्रूटिनाइज़र तथा उनके अनुपलब्ध रहने की स्थिति में सीएस प्रियंका अग्रवाल (FCS: 11138), प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव को वैकल्पिक स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है।

रिमोट ई-वोटिंग के परिणाम मंगलवार, 8 सितंबर, 2026 को अथवा उससे पूर्व घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट सहित, कंपनी की वेबसाइट (www.mayuruniquoters.com), सीडीएसएल की वेबसाइट (www.evotingindia.com) तथा बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइटों पर सदस्यों की जानकारी हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे।

जिन सदस्यों को पोस्टल बैलेट सूचना प्राप्त नहीं हुई है, वे उसकी डुप्लीकेट प्रति प्राप्त करने के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय अथवा रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता (RTA) को लिख सकते हैं। वे कंपनी की वेबसाइट https://www.mayuruniquoters.com/pdf/postal-ballot-notice-2026.pdf से पोस्टल बैलेट सूचना डाउनलोड भी कर सकते हैं अथवा CDSL www.evotingindia.com से भी इसे प्राप्त कर सकते हैं।

जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता कंपनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता (RTA)/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (DP) के साथ अभी तक पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता पंजीकृत कराने हेतु नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:

| | |
|---|---|
| भौतिक शेयरधारिता | सदस्य अपना फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैन प्रति, स्वयं सत्यापित पैन कार्ड, स्वयं सत्यापित आधार कार्ड तथा फॉर्म ISR-1 कंपनी के ई-मेल (secr@mayur.biz) अथवा आरटीए के ई-मेल (beetalrta@gmail.com) पर भेजें। फॉर्म ISR-1 कंपनी की वेबसाइट (http://www.mayuruniquoters.com) से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| डीमैट शेयरधारिता | सदस्य अपने संबंधित प्रतिभागी पार्टिसिपेंट (DP) के पास अपना ई-मेल पता एवं मोबाइल नंबर अद्यतन कराएं। |

इस संबंध में सभी पत्राचार एवं प्रश्न कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता ('RTA') बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को उनके ई-मेल beetalrta@gmail.com पर भेजे जा सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
मयूर यूनिकोटर्स लिमिटेड की ओर से

कपिल अरोड़ा
कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी
सदस्यता क्रमांक. ACS 57885

स्थान : जयपुर
दिनांक : अगस्त 07, 2026